राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, नोएड़ा में हिंदी पखवाड़ा-2022 के आयोजन पर प्रतिवेदन

राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, नोएड़ा में दिनांक 14 सितंबर, 2022 से 30 सितंबर, 2022 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया।

हिंदी पखवाड़े का विधिवत उद्घाटन दिनांक 19 सितंबर, 2022 को डॉ.आशीष कुमार मित्रा (कार्यालय प्रमुख), डॉ.प्रवीन कुमार डी. (वैज्ञानिक 'जी' व प्रभारी निदेशक-प्रशा./स्था), डॉ. वी.एस.प्रसाद (वैज्ञानिक 'जी'), डॉ. बी. अतियामन (वैज्ञानिक 'एफ')एवं डॉ. साजी मोहनदास (वैज्ञानिक 'एफ') द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के समस्त अधिकारी गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रम/प्रतियोगिताएं और विजेताओं का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	**प्रतियोगिता का नाम**	**पात्रता**	**प्रतियोगिता तिथि**
1.	हिंदी कविता-पाठ प्रतियोगिता	सभी स्थाई एवं अस्थाई कार्मिकों के लिए	19.09.2022
2.	हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता	केवल बहुकार्य कर्मचारियों के लिए	20.09.2022
3.	हिंदी टिप्पण व प्रारूप लेखन प्रतियोगिता	सभी स्थाई कार्मिकों के लिए	21.09.2022
4.	वाद-विवाद प्रतियोगिता	सभी स्थाई कार्मिकों के लिए	22.09.2022
5.	अनुवाद प्रतियोगिता	सभी स्थाई कार्मिकों के लिए	23.09.2022
6.	वर्ग पहेली प्रतियोगिता	सभी स्थाई कार्मिकों के लिए	26.09.2022
7.	निबंध प्रतियोगिता	सभी स्थाई कार्मिकों के लिए	27.09.2022
8.	हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता	सभी अस्थाई कार्मिकों के लिए	28.09.2022
उपरोक्त प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहित करने हेतु सभी प्रतियोगिताओं के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिये गये ।			

कार्यालय में दिनांक 14.09.2022 से 30.09.2022 तक आयोजित हिंदी पखवाड़े के दौरान दिनांक 19.09.2022 से दिनांक 28.09.2022 तक विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले लगभग सभी कार्मिकों को किसी न किसी प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सभी स्तर के अधिकारियों/कर्मचारियों ने बढ-चढ़कर प्रतिभाग किया।

डॉ.आशीष कुमार मित्रा, कार्यालय प्रमुख ने अपने भाषण में हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं की उपयोगिता के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह भी बताया कि ये सभी प्रतियोगिताएं कार्यालय में हिंदी के कामकाज को बढ़ाने में कैसे लाभप्रद साबित होंगी। उन्होंने कार्यालय के सभी कार्मिकों को इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। प्रमुख महोदय ने अपने भाषण में यह भी बताया कि हमें कार्यालयीन कार्यों में अधिक से अधिक हिंदी भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। प्रमुख महोदय ने सभी को बताया कि हिंदी टाइपिंग करने के लिए गूगल की सहायता भी ले सकते हैं।

दिनांक 30 सितंबर, 2022को हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। उक्त समापन समारोह में कार्यालय प्रमुख ने चिन्मय मिशन नोएडा के आचार्य तथा अखिल भारतीय चिन्मय युवा केंद्र के पूर्व निदेशक आचार्य स्वामी चिदरूपानन्द जी,को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

कार्यालय प्रमुख ने सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का शाल एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया, समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी स्वागत किया। उन्होंने कार्यालय के सभी कार्मिकों को मुख्य अतिथि का संक्षिप्त परिचय कराया। कार्यालय प्रमुख ने सभी कार्मिकों को अवगत कराया कि मुख्य अतिथि द्वारा "क्षमता से कार्यकुशलता" विषय पर व्याख्यान दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले एवं पखवाड़ा संचालन करने वाले कार्मिकों को बधाई दी साथ ही उन्होंने सभी कार्मिकों को हिंदी में काम-काज करने के लिए एक बार पुनः प्रेरित किया उन्होंने समारोह में उपस्थित सभी कार्मिकों को बताया की कार्यालय में हिंदी में बहुत अच्छा कार्य हो रहा है तथा हम सभी मिलकर निरंतर प्रयासों से और भी अच्छा कर सकते हैं। अंत में उन्होंने मुख्य अतिथि को व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया एवं साथ ही सभी कार्मिकों को अवगत कराया कि व्याख्यान के उपरांत सभी कार्मिक उनसे संवाद भी कर सकते हैं।

मुख्य अतिथि स्वामी चिदरूपानंद जी ने कार्यालय के सभी कार्मिकों का स्वागत करते हुए सभी से संक्षिप्त परिचय लिया,तत्पश्चात उन्होंने "क्षमता से कार्यकुशलता" (Potential to Performance) विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में हर इंसान की रोजमर्रा की जिंदगी में हो रही घटनाओं से भी अवगत कराया एवं साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि इंसान के द्वारा किस तरीके से अपना जीवन निर्वाह करना चाहिए एवं कार्यालय तथा घर पर किस तौर-तरीके से कार्य करना चाहिए। वास्तव में उनके द्वारा दिया गया व्याख्यान कार्यालय के सभी कार्मिकों के लिए काफी लाभांवित साबित हुआ। अंत में प्रश्नोत्तरी सत्र में मुख्य अतिथि ने कार्यालय के कार्मिकों

द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर दिया। वास्तव में उनका व्याख्यान कार्यालय में सभी कार्य समय से एवं कुशलता से कैसे किए जाएं इन सभी विषयों को रेखांकित करते हुये था और सभी के लिए काफी हितकारी था।

मुख्य अतिथि स्वामी चिदरूपानंद जी, डॉ.आशीष कुमार मित्रा, कार्यालय प्रमुख, एवं डॉ.प्रवीन कुमार डी, वैज्ञानिक 'जी'के कर-कमलों द्वारा हिंदी पखवाड़ा में आयोजित प्रतियोगिताओं में सफल हुए प्रतिभागियों कोतथा राजभाषा विभाग द्वारा चलाए जा रहे सरकारी काम-काज हिन्दी में टिप्पण व आलेखन प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत अहर्ताएं पूरी करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यालय प्रमुख ने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी व कार्यालय में अधिक से अधिक हिंदी में काम करने की प्रेरणा दी।

हिन्दी प्रभारी डॉ. अखिलेश मिश्रा वैज्ञानिक-डी ने सभागार में उपस्थित मुख्य अतिथि, कार्यालय प्रमुख, सभी वरिष्ठ वैज्ञानिकों/अधिकारियों एवं सभी कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने मुख्य अतिथि को विशेष धन्यवाद दिया कि उन्होंने अपने कीमती समय में से हमारे कार्यालय के कार्मिकों को अपने व्याख्यान से लाभांवित करने के लिए समय निकाला। तत्पश्चात उन्होंने सभी कार्मिकों से अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने का आह्वान भी किया। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए सभी सम्मानित निर्णायक मंडल का भी आभार व्यक्त किया। अंत में उन्होंने हिंदी पखवाड़े के सफल आयोजन में सभी को उनकी सहभागिता हेतु धन्यवाद दिया और सभागार में उपस्थित सभी को राष्ट्र-गान के लिए आंमत्रित किया। राष्ट्र-गान होने के पश्चात् सभागार में उपस्थित सभी कार्मिकों को ग्रुप फोटोग्राफ हेतू बुलाया गया। इसी के साथ उन्होंने कार्यालय प्रमुख से समारोह के समापन की अनुमति लेते हुए सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जलपान के लिए आमंत्रित किया।

****